(iv) Need to provide a special economic package for all-round development
of Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बनासकाठा प्रत्येक दृष्टि से एक पिछड़ा हुआ जिला है । यहां पर कोई उद्योग नहीं है एवं साक्षरता का स्तर भी अन्य जिलों से बहुत नीचा है। यहां के लोगों के जीवन का एकमात्र सहारा कृषि एवं डेयरी है । परन्तु मरूभूमि धीरे-धीरे इस जिले में आ रहा है एवं क्षार भूमि का क्षेत्र भी बढ़ता जा रहा है जिसके कारण किसानों की भूमि अभी पहले जैसी उपजाऊ भी नहीं है। पेय जल का अत्यँत अभाव है। लोगों को पेय जल लेने के ा।लए कई किलोमीटर जाना पड़ रहा है । यहां की सड़कों की दयनीय स्थिति है। इस क्षेत्र के जितने तालूका है वहां की म्यूनिसिपलिटी बहुत ही घाटे में चल रही है जिसके कारण छैंटे-छैंटे शहरों में आम सुविधा भी लोगों को नहीं मिल पा रही है । इसलिए इस जिले को अन्य जिलों की तरह विकसित करने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा विशेष पैकेज दिये जाने की अति आवश्यकता है ।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकाठा के विकास के ा।लए केन्द्र स्तर पर एक विशेष पैकेज जारी करने की व्ृEपा करें क्योंकि विकास योजनाओं की राशि पर्याप्त नहीं है ।